पंजाब केसरी 22/02/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में नौकरियों के अवसरों पर हुई संगोष्ठी

अम्बाला, 21 फरवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुक्रवार को मैनेजमैंट विभाग द्वारा वाणिज्य विभाग के सहयोग से बी.बी.ए. एवं बी.कॉम फाइनल के विद्यार्थियों के लिए भविष्य में सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों में नौकरियों के अवसरों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संबंध में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि जी.एम.एन. कॉलेज न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करने का काम करता है बल्कि युवावर्ग को उज्ज्वल एवं उचित करियर को चुनने में भी मदद करता है। कार्यक्रम में कॉलेज की एम.बी.ए. विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि कॉलेज़ के छात्रों के लिए कई तरह की पार्टटाइम जॉब्स का विकल्प होता है। इनमें फ्रीलॉन्स राइटिंग, सोशल मीडिया मैनेजर, टेलीकॉलर एवं ऑनलाइन डिलीवरी जैसी नौकरियां शामिल हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थियों के पास कई तरह के करियर ऑप्शन होते हैं, जैसे सरकारी नौकरी, टीचिंग, बिजनैस या प्रोफैशनल कोर्स।

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देकर आई.ए.एस. और आई.पी.एस. जैसी नौकरी मिल सकती है। कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा देकर केंद्र सरकार के मंत्रालयों में ग्रुप-बी और ग्रुप-सी की नौकरी मिल सकती है। बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की परीक्षा देकर बैंक में पी.ओ. के पद पर नौकरी मिल सकती है। बी.ए. या बी.एस.सी. के बाद बी.एड. करके स्कूल टीचर बना जा सकता है। ऑनलाइन ट्यूशन देकर पैसे कमाए जा सकते हैं। यूट्यूब चैनल खोलकर भी पढ़ाया जा सकता है।

विज्ञान में मशीन लर्निंग, कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस, जैव प्रौद्योगिकी जैसे कोर्स किए जा सकते हैं। वाणिज्य में पी.जी.डी. होटल प्रबंधन, सी.एम.ए., बिजनेस एनालिस्ट जैसे कोर्स किए जा सकते हैं। कला में पत्रकारिता एवं जनसंचार, वेब डिजाइनिंग, यू.आई/यू.एक्स. डिजाइन, फोटोग्राफी/फिल्म निर्माण जैसे कोर्स किए जा सकते हैं। अन्य करियर ऑप्शन सामाजिक कार्यकर्त्ता, नेता हैं। एच.आर. का कोर्स करके एच.आर. में करियर बनाया जा सकता है, डिजिटल मार्कीटर बना जा सकता है, बीमा क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के सफल संचालन में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती विज, डा. राममूर्ति, डा. रवनीत, डा. प्रभलीन कौर एवं डा. अमिता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से विषय संबंधी प्रश्न पूछे एवं संतोषजनक उत्तर प्राप्त किए।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों में नौकरियों के अवसरों पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करतीं वक्ता।*